टिकट बंटवारे के बाद कांग्रेस में घमासान, विधायक प्रत्याशी समेत कई कार्यकर्ता विरोध में धरने पर बैठे

हवामहल से विधायक प्रत्याशी रह चुके आर.आर. तिवाड़ी ने चुनाव प्रभारी रोहित बोहरा के घर के बाहर धरना दिया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । नगर निगम चुनाव के लिए 150 वार्डों में टिकट वितरण के बाद कांग्रेस में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। टिकट से वंचित दावेदारों और उनके समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया है। जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा के आवास के बाहर कार्यकर्ताओं ने धरना दिया, वहीं पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं हवामहल क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी रह चुके आर.आर. तिवाड़ी भी टिकट वितरण से नाराज होकर जयपुर शहर कांग्रेस प्रभारी रोहित बोहरा के आवास के बाहर सड़क पर बैठ गए।

तिवाड़ी ने आरोप लगाया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के चयन को लेकर उनसे कोई राय नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि पार्टी को जिन नामों का सुझाव दिया गया था, उनमें से कई को दरकिनार कर दूसरे लोगों को टिकट दे दिया गया। इससे स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है।

तिवाड़ी ने कहा कि टिकट वितरण को लेकर उनकी शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा से बातचीत हुई थी। करीब 15 वार्डों के प्रत्याशियों को लेकर लगभग सहमति बन गई थी। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री रोहित बोहरा ने भी दो दिन पहले उन्हें बुलाकर प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा की थी। तिवाड़ी के अनुसार बैठक में वार्डवार नामों पर सहमति बनी, लेकिन इसके बाद अचानक बातचीत बंद हो गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि सहमति बनने के बाद सुनील शर्मा ने फोन बंद कर लिया। तिवाड़ी ने सवाल उठाया कि जब प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा और सहमति हो चुकी थी तो अंतिम समय में संवाद क्यों रोक दिया गया।

पूर्व शहर अध्यक्ष ने कहा कि स्थिति यह हो गई है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पार्टी ने किन लोगों को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है, इसकी भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस की ओर से आधिकारिक सूची जारी नहीं हुई है, फिर प्रत्याशियों के नाम और सिंबल को लेकर भ्रम की स्थिति क्यों बनी हुई है।

कांग्रेस से हवामहल क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी रहे आर.आर.तिवाड़ी ने सोमवार को पार्षद प्रत्याशियों के टिकट आवंटन पर नाराजगी जताते हुए चुनाव प्रभारी रोहित बोहरा के आवास के बाहर समर्थकों के साथ धरना दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

- **तिवाड़ी ने आरोप लगाया कि 'विधानसभा चुनाव में उन्हें हराने वाले लोगों को टिकट दिया गया हैं, दो दिन पहले जिन नामों पर सहमति बनीं थी, उन्हें बाद में बदला गया''**
- **उधर शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा के घर के बाहर भी बगरू से टिकट मांग रहे दावेदार ने समर्थकों के साथ विरोध जताया**

तिवाड़ी ने टिकट वितरण पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में उनके खिलाफ काम करने और उन्हें हराने वाले लोगों को भी अब नगर निगम चुनाव में टिकट दे दिए गए हैं। उन्होंने वार्ड 146 में पप्पू कुरैशी को टिकट दिए जाने पर सवाल उठाया। उनका आरोप है कि एक अन्य वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय पार्षद को भी टिकट दिया गया है।

तिवाड़ी ने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड 146 में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है, जो उनके अनुसार पूर्व में एआईएमआईएम समर्थक रहा है और कांग्रेस का प्राथमिक सदस्य तक नहीं रहा। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से सवाल किया कि लंबे समय से कांग्रेस के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर बाहरी या विरोधी विचारधारा से जुड़े लोगों को टिकट क्यों दिया गया।

टिकट वितरण में हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए तिवाड़ी ने कांग्रेस विधायक रफीक खान और अमीन कागजी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विधायक पूरे विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, किसी एक समुदाय के नहीं। आरोप लगाया कि दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में हस्तक्षेप कर अपने समर्थकों को टिकट दिलाए गए हैं।

तिवाड़ी ने कहा कि इस तरह के हस्तक्षेप से स्थानीय संगठन और वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि संगठन को स्थानीय कार्यकर्ताओं की राय को प्राथमिकता देनी चाहिए।

धरने के दौरान तिवाड़ी ने कहा कि वह लंबे समय से कांग्रेस के सिपाही हैं और पार्टी छोड़ने का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा, 1978 में इंदिरा गांधी के लिए जेल गया था। उस समय मेरी उम्र 22 साल थी। आखिरी दम तक कांग्रेस में रहूंगा।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से उन्होंने सरकार के खिलाफ धरने-प्रदर्शन किए और जयपुर में भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ संघर्ष किया। ऐसे में टिकट वितरण में कार्यकर्ताओं की अनदेखी से पार्टी को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

इधर, बगरू विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 71 में टिकट नहीं मिलने से नाराज दावेदार के समर्थक भी जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें टिकट को लेकर आश्वासन दिया गया था, लेकिन अंतिम समय में किसी दूसरे व्यक्ति को टिकट दे दिया गया।

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रत्याशी नहीं बदला गया तो सामूहिक इस्तीफा दिया जा सकता है। साथ ही कांग्रेस हाईकमान से मामले में हस्तक्षेप करने और जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग भी उठाई गई। टिकट वितरण के बाद जयपुर कांग्रेस में सामने आया यह विरोध अब पार्टी के लिए बड़ी चुनौती बनता दिखाई दे रहा है। प्रत्याशियों की आधिकारिक सूची और अंतिम निर्णय को लेकर स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही यह तय होगा कि पार्टी नेतृत्व नाराज कार्यकर्ताओं को किस तरह साध पाता है।

लग्जरी कारों की भिड़ंत में ई-रिक्शा सवार 3 घायल

जयपुर । मानसरोवर इलाके में रविवार देर रात तेज रफ्तार थार और एंडेवर की टक्कर के बाद ई-रिक्शा चपेट में आ गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार तीन मजदूर घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के नीचे मुख्य रास्ते पर रात करीब 1:30 बजे हुआ।

हैड कांस्टेबल महेंद्र पाल ने बताया कि गुर्जर की थड़ी की ओर से आ रही तेज रफ्तार थार मोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई और दूसरी ओर 200 फीट रोड की तरफ से आ रही एंडेवर से जा भिड़ी। इसी दौरान एंडेवर के पास से गुजर रहा ई-रिक्शा भी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा करीब 50 फीट दूर जा गिरा। दोनों लग्जरी वाहन भी सड़क पर पलट गए। हादसे के बाद दोनों गाड़ियों के चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर फरार चालकों की तलाश की जा रही है।

इस हादसे में घायल शंकर सिंह (50), मुकेश जावली (48), निवासी लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर और उमाशंकर (48) निवासी जनता कॉलोनी आदर्श नगर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। कॉन्स्टेबल सरजीत के अनुसार तीनों मजदूर इलेक्ट्रिक ऑटो से एक पार्टी में आइसक्रीम सप्लाई कर लौट रहे थे। मानसरोवर थानाधिकारी सतीश चंद के अनुसार हादसे में शामिल एंडेवर कांग्रेस के पूर्व मंत्री अशोक चांदना की पत्नी ललिता चांदना के नाम से पंजीकृत है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इस वाहन के खिलाफ पहले से ओवरस्पीड के 18 से अधिक चालान दर्ज हैं। वहीं थार पर भी ओवरस्पीड के चार से अधिक चालान होने की जानकारी सामने आई है। हादसे के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षितग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सार-समाचार

'आचरण की पवित्रता से ज्ञान की सार्थकता'

जयपुर । 'ज्ञान का सार है- आचार' विषय पर आयोजित कार्यशाला मुनिश्री तत्त्व रुचि 'तरुण' ने कहा कि सम्यक् आचार के लिए सम्यक् ज्ञान जरूरी है। इसलिए पहले ज्ञान फिर आचरण का आगमिक कथन यथार्थ है। मुनिश्री ने कहा कि ज्ञान प्राप्ति का मुख्य लक्ष्य आचरण की पवित्रता होना चाहिए। सदाचार शून्य ज्ञान का कोई महत्त्व नहीं है। ज्ञान की पूजा चारित्र के पीछे है। जीवन में चारित्र न हो तो ज्ञान को कौन पूछे? अतः जीवन में चारित्र की सुरक्षा प्राथमिकता से हो। कार्यक्रम सोमवार को मालवीय नगर स्थित अणुविभा केन्द्र के महाप्रज्ञ सभागार में समायोजित हुआ। तेरापंथ संगठन के तत्त्वाधान में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। मुनि संभव कुमार ने कहा कि जैसे फूल का मूल्य सुगन्ध से है, वैसे जीवन का मूल्य सदाचरण से है। बाह्य व्यक्तित्त्व का आकर्षण स्थायी नहीं होता। स्थायी प्रभाव आन्तरिक व्यक्तित्त्व का होता है। उन्होंने कहा कि चरित्रवान का ज्ञान ही शोभायमान होता है।

ब्लैकमेलिंग से परेशान युवक ने जान दी

जयपुर । ब्लैकमेलिंग से परेशान एक युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी लक्ष्मी चौधरी ने पडौस में रहने वाली विवाहिता और उसके पिता के खिलाफ शिप्रापथ थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया है। पत्नी का आरोप है कि विवाहिता ने उसके पति के साथ कथित संबंधों के अश्लील वीडियो बनाकर करीब 2 साल से उसे ब्लैकमेल किया और रुपए-गहने ऐंठे। एसआई संदीप बसेरा ने बताया कि जवाहर नगर के मुकेश नगर निवासी राजेंद्र चौधरी (34) सांगानेरी गेट के पास साड़ी की दुकान पर काम करता था। 30 अगस्त को उसने फनकिंगडम के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पत्नी के अनुसार करीब 8 दिन पहले उसने राजेंद्र और पडौसी विवाहिता को साथ पकड़ लिया था। तब राजेंद्र ने कथित तौर पर बताया कि महिला अश्लील वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल कर रही है। लक्ष्मी का आरोप है कि ब्लैकमेलिंग के कारण राजेंद्र पिछले 2 साल में काफी रुपए और गहने दे चुका था। लक्ष्मी के मुताबिक 29 अगस्त शाम को राजेंद्र घर से 8 लाख रुपए और सोने-चांदी के गहने लेकर निकला था। उसने बताया था कि वह महिला और उसके पति को यह रकम देकर मामला सेटल करना चाहता है। इसी दौरान महिला का पति कथित तौर पर चाकू लेकर घर पहुंचा और राजेंद्र को जान से मारने की धमकी दी। रात करीब 10:30 बजे राजेंद्र ने पत्नी से वीडियो कॉल पर आखिरी बार बात की। वह रो रहा था और कथित तौर पर बोला कि उसका दिमाग काम नहीं कर रहा है, इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। पुलिस को अगले दिन फनकिंगडम के पास रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला। जिस एक्टिवा से वह घर से निकला था, वह करीब 5 किलोमीटर दूर दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ी मिली।

एल.आई.सी. ने मनाई 70वीं वर्षगांठ

नई दिल्ली । देश की प्रमुख जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपनी 70वीं वर्षगांठ मनाई। 1 सितंबर 1956 को स्थापित एलआईसी की 7 दशकों की यात्रा देशभर में वित्तीय सुरक्षा, सेवा और भरोसे का प्रतीक बन चुकी है। बीमा क्षेत्र में निजी कंपनियों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद एलआईसी ने अपनी मजबूत शाखा व्यवस्था, एजेंट नेटवर्क और डिजिटल सेवाओं के जरिए बाजार में अग्रणी स्थिति कायम रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 में पॉलिसियों की संख्या के आधार पर एलआईसी की 65.16 प्रतिशत और प्रथम वर्ष प्रीमियम आय में 56.66 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही। निगम की प्रबंधित परिसंपत्तियां 5.08 प्रतिशत बढ़कर 57.29 लाख करोड़ रुपए हो गईं। मई 2022 में एलआईसी के ऐतिहासिक आईपीओ और एनएसई व बीएसई पर सूचीबद्ध होने के बाद निगम ने कॉर्पोरेट प्रशासन, पारदर्शिता और ग्राहक सेवाओं पर विशेष जोर दिया। 'माय एलआईसी ऐप' जैसी डिजिटल पहलों से ग्राहकों को सेवाएं अधिक सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। 70वीं वर्षगांठ पर एलआईसी ने अपने करोड़ों पॉलिसीधारकों, शेयरधारकों, एजेंटों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। 'योगक्षेमं वहाम्यहम्' की भावना के साथ निगम ने नवाचार, डिजिटल विकास और जन-जन तक वित्तीय सुरक्षा पहुंचाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

'राहुल गाँधी पर एफआईआर घमंड का प्रतीक'

जयपुर । राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाए जाने पर इसकी निंदा की है तथा इसे भाजपा के सत्ता के अहंकार और दमनकारी मानसिकता का परिचायक बताया है। जूली ने कहा है कि हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के बाद सभास्थल का भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा शुद्धीकरण किया जाना सामाजिक समानता और मानवीय गरिमा पर गंभीर प्रहार था और जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने इस अपमान के खिलाफ आवाज़ उठाई, तो उल्टा उन्हीं पर एफआईआर दर्ज कर दी गई जो यह बताता है कि दलितों की आवाज़ उठाने वालों को परेशान करने का प्रयास किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अपमान की शिकायत को अनसुना करना और न्याय माँगने वालों पर मुकदमे दर्ज करवाना सत्ता के अहंकार और दमनकारी मानसिकता का परिचायक है। यह भाजपा के घमंड और तानाशाही की पराकाष्ठा है। आखिर सरकार भेदभाव रोकना चाहती है या उसके खिलाफ उठने वाली आवाज़ को दबाना?

इवेंट इंडस्ट्री के नए दौर पर मंथन

जयपुर । फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) के 13वें वार्षिक कन्वेंशन 'इवेंटस्थान 2026' के दूसरे दिन की शुरुआत राजस्थान के लोक कलाकार मोती खान की लाइव प्रस्तुति से हुई। फोरम प्रेसिडेंट हितेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मोती खान ने अपनी दमदार आवाज और लोक संगीत की प्रस्तुतियों से माहौल को संगीतमय बना दिया। इसके बाद कन्वेंशन में इवेंट एवं वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों और इंडस्ट्री लीडर्स ने विचार साझा किए। दिन के पहले सत्र 'वेडिंग्स - पिनटेरेस्ट या इंट्रेस्ट' में नीरव देसाई, जेनिब, नीरव वच्छानी, भुवनेश अग्रवाल और श्याम बसरणी ने बदलते वेडिंग ट्रेंड्स, कपल्स की बदलती पसंद और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की।

कूरियर एजेंट को चाकू की नोंक पर बंधक बनाकर 38 लाख रुपए लूटे

- **अपहरणकर्ताओं ने कूरियर कंपनी के रायपुर कार्यालय में फोन करवाकर रकम मंगवाई, इसके बाद युवक को चलती गाड़ी से बाहर फेंककर फरार हो गए**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मानसरोवर क्षेत्र में बदमाशों ने कूरियर एजेंट को चाकू की नोंक पर बंधक बनाकर 38 लाख रुपए लूट लिए। आरोपियों ने एजेंट के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी और कूरियर कंपनी के रायपुर स्थित कार्यालय में फोन करवाकर रकम मंगवाई। इसके बाद बदमाश उसे चलती गाड़ी से बाहर फेंककर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित ने रविवार को थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

थानाधिकारी सतीश चन्द ने बताया कि माणक चौक क्षेत्र के रामलला का रास्ता निवासी ठाकुर जुगाजी (34) एक कूरियर कंपनी में काम करता है। उसने रिपोर्ट में बताया कि 26 अगस्त को सुबह रायपुर कूरियर कार्यालय से उसके पास फोन आया। कार्यालय की ओर से बताया गया कि गुप्ता रियल एस्टेट से उसके पास कॉल आएगा और कूरियर पार्सल के संबंध में जानकारी देनी है।

करीब एक घंटे बाद एक युवक ने फोन कर खुद को गुप्ता रियल एस्टेट से बताया और पार्सल देने के लिए उसे मानसरोवर स्थित जयपुर हॉस्पिटल के पास बुलाया। पीड़ित वहां पहुंचा तो एक इनोवा गाड़ी में चार युवक मिले। आरोपियों ने पार्सल देने के बहाने उसे गाड़ी में बुलाया।

जुगाजी के गाड़ी में बैठते ही चारों बदमाशों ने चाकू दिखाकर उसे बंधक बना लिया। आरोपियों ने गाड़ी में रखे पार्सल में 38 लाख रुपए होने की बात कही। इसके बाद एजेंट के साथ मारपीट कर उसे धमकाया गया और रायपुर कार्यालय में फोन कर 38 लाख रुपए की रकम आरोपियों के साथी को देने के लिए कहा गया। डर के कारण पीड़ित ने कार्यालय में फोन कर बदमाशों के कहे अनुसार रकम देने के लिए कहा। इसके बाद रायपुर कार्यालय की ओर से वहां पहुंचे आरोपियों के साथी को 38 लाख रुपए दे दिए गए। रकम मिलने की पुष्टि होते ही बदमाशों ने जुगाजी को चलती इनोवा से बाहर फेंक दिया और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निकाय चुनाव : भाजपा की टिकट सूची में 'दिग्गजों' और परिवारों का दबदबा

जयपुर । नगर निकाय चुनाव के लिए भाजपा की टिकट सूची सामने आने के बाद प्रत्याशियों के चयन को लेकर पार्टी के भीतर और बाहर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूची में सीएम ओएसडी आनंद शर्मा की पत्नी प्रतिभा शर्मा सहित पूर्व महापौर, पूर्व जिलाध्यक्ष, संगठन के पदाधिकारियों और कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं के परिवारों को भी जगह मिली है। इसके चलते भाजपा की टिकट रणनीति में संगठनात्मक प्रभाव और राजनीतिक पहुंच के साथ परिवारों के समीकरण को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल को वार्ड 110 से टिकट दिया गया है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव को वार्ड 43 और पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कोठारी को वार्ड 112 से प्रत्याशी बनाया गया है। कोठारी के भतीजे विकास कोठारी को वार्ड 118 से टिकट मिला है। विधानसभा चुनाव में दावेदारी कर चुके पुनीत कर्णावत, विमल कटियार और सुनील कोठारी अब पार्षद का चुनाव लड़ेंगे। वहीं पूर्व पार्षद एवं जयपुर शहर के पूर्व जिला महामंत्री विमल अग्रवाल को वार्ड 135 से टिकट दिया गया है।

भाजपा ने संगठन के मंडल स्तर के पदाधिकारियों के परिवारों पर भी भरोसा जताया है। विद्याधरनगर मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल की पत्नी सुमन अग्रवाल को वार्ड 8 और खातीपुरा मंडल अध्यक्ष माल सिंह की पत्नी उदिता सिंह चौहान को वार्ड 20 से टिकट मिला है। इसी तरह जयपुर शहर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी को वार्ड 107 तथा महिला मोर्चा की जिला इकाई से जुड़ी जयश्री गर्ग को वार्ड 73 से प्रत्याशी बनाया गया है।

टिकट वितरण में कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं के परिवार भी चर्चा में हैं। बिरदीचंद शर्मा के बेटे कमल शर्मा को वार्ड 54 से टिकट दिया गया है। पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल को वार्ड 110 से मैदान में उतारा गया है। वार्ड 90 से रणजीत सिंह सोडाला की पत्नी सरोज कंवर को टिकट मिलने की भी चर्चा है। वार्ड 16 में भाजपा विद्याधर नगर मंडल उपाध्यक्ष महिपाल सिंह करीरी के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने की जानकारी सामने आई है। भाजपा की सूची में जहां पुराने संगठनात्मक चेहरों और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली नेताओं को महत्व मिला है, वहीं कई वार्डों में परिवारों को टिकट मिलने से कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा भी तेज है। अब पार्टी नेतृत्व के सामने टिकट से वंचित दावेदारों और उनके समर्थकों को साथ लेकर चलने की चुनौती होगी। निगम चुनाव में पूर्व महापौर से लेकर जिलाध्यक्ष, विधानसभा के दावेदार, संगठन पदाधिकारी और राजनीतिक रूप से दूसरे दलों से आए नेताओं के परिवार एक साथ मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा की यह टिकट रणनीति चुनाव परिणामों में कितना असर डालती है, यह देखने वाली बात होगी।

कांग्रेस ने 150 वार्डों में प्रत्याशी मैदान में उतारे

बागियों को मनाना और नाम वापसी के लिए राजी करना बड़ी चुनौती साबित होगा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जयपुर नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को सभी 150 वार्डों के प्रत्याशियों की सूची जारी की। ऐसे में अब विद्याधर नगर से लेकर आमेर तक सभी वार्डों में कांग्रेस के प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। भाजपा पहले ही अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर चुकी है। ऐसे में दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों की तस्वीर साफ होने के साथ ही अधिकांश वार्डों में सीधा मुकाबला तय हो गया है। हालांकि अगर कांग्रेस जयपुर में चुनाव जीतती है तो महापौर पद के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी, धर्म सिंह सिंघानियां तथा वरिष्ठ पार्षद सुनीता मावर का नाम चर्चाओं में है।

कांग्रेस ने जयपुर के 10 विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से 150 वार्डों में प्रत्याशी उतारे हैं। सूची में विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, सांगानेर, बगरू, मालवीय नगर, सिविल लाइंस, किशनपोल, आदर्श नगर, हवामहल और आमेर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

विद्याधर नगर (वार्ड 1 से 22)

वार्ड 1 से नवरतन शर्मा, वार्ड 2 से मनीराज सिंह, वार्ड 3 से छगन कुलदीप, वार्ड 4 से कविता अजमेरा, वार्ड 5 से सुमित शर्मा, वार्ड 6 से मधुबाला शर्मा, वार्ड 7 से पूनम तिवारी, वार्ड 8 से रुचिका सोनी, वार्ड 9 से कैलाशी देवी, वार्ड 10 से वंदना जाखड़, वार्ड 11 से प्रेम सिंह, वार्ड 12 से पंकज सैनी, वार्ड 13 से धनराज सिनोदिया, वार्ड 14 से हाकिम सिंह, वार्ड 15 से बद्री कुमावत, वार्ड 16 से राजेश अत्री, वार्ड 17 से भूपेंद्र सिंह, वार्ड 18 से वंदिता शर्मा, वार्ड 19 से फारुख खान, वार्ड 20 से मोनिका सैनी, वार्ड 21 से राकेश लाटा और वार्ड 22 से करणवीर सिंह शेखावत।

झोटवाड़ा (वार्ड 23 से 37)

वार्ड 23 से अजीत सिंह, वार्ड 24 से सुरेंद्र कुमार शर्मा, वार्ड 25 से रेखा देवी सैनी, वार्ड 26 से अनीता, वार्ड 27 से कालूराम यादव, वार्ड 28 से रविंद्र सिंह शेखावत, वार्ड 29 से सत्यनारायण शर्मा, वार्ड 30 से रवीन, वार्ड 31 से जय कुमार जैन, वार्ड 32 से सीमा शर्मा, वार्ड 33 से प्रियंका यादव, वार्ड 34 से सुरेश, वार्ड 35 से अनिल, वार्ड 36 से रतन चौपड़ा और वार्ड 37 से देवी लाल कसोटिया।

सांगानेर (वार्ड 38 से 58)

वार्ड 38 से रामसिंह चौधरी, वार्ड 39 से अजय सैनी, वार्ड 40 से मनीष शर्मा, वार्ड 41 से पंकज वर्मा, वार्ड 42 से चंद्रवीर सिंह, वार्ड 43 से आशीष शर्मा, वार्ड 44 से विनय प्रताप भोपार, वार्ड 45 से सुभाष नोनीवाल, वार्ड 46 से हर्षिता जैन, वार्ड 47 से दामोदर मीणा, वार्ड 48 से बाबूलाल सैनी, वार्ड 49 से धर्मसिंह सिंघानिया, वार्ड 50 से निर्मला बैरवा, वार्ड 51 से मनमोहन गुर्जर, वार्ड 52 से हनुमान सैनी, वार्ड 53 से राजीव चौधरी, वार्ड 54 से प्रियंका बेड, वार्ड 55 से संजय बडोदिया, वार्ड 56 से शारदा चौधरी, वार्ड 57 से शंकर अकड़ और वार्ड 58 से रामप्यारी देवी।

बगरू (वार्ड 59 से 72)

वार्ड 59 से दुर्गा देवी, वार्ड 60 से रामफूल मीणा, वार्ड 61 से सुरेश मीणा, वार्ड 62 से हरिराम शर्मा, वार्ड 63 से प्रभुलाल बैरवा, वार्ड 64 से कैलाश मीणा, वार्ड 65 से मुकेश कुमार, वार्ड 66 से महेश कराडिया, वार्ड 67 से योगिता शर्मा, वार्ड 68 से गीता मीणा, वार्ड 69 से बीना देवी, वार्ड 70 से उर्मिला शर्मा, वार्ड 71 से फैज हसन और वार्ड 72 से सुमन रमेश भाटी।

मालवीय नगर (वार्ड 73 से 87)

वार्ड 73 से चिराग मिश्रा, वार्ड 74 से विचार व्यास, वार्ड 75 से सुनीता आडवाणी, वार्ड 76 से प्रदीप जैन, वार्ड 77 से किरण शर्मा, वार्ड 78 से अभिषेक सैनी, वार्ड 79 से प्रवीण बैरवा, वार्ड 80 से हीना वाधवानी, वार्ड 81 से राहुल तंवर, वार्ड 82 से महेश यादव, वार्ड 83 से सी.पी. कुमावत, वार्ड 84 से भारत मेघवाल, वार्ड 85 से महेंद्र पाल हिंगोनिया, वार्ड 86 से तारा बेनीवाल और वार्ड 87 से अर्चना शर्मा।

सिविल लाइंस (वार्ड 88 से 103)

वार्ड 88 से श्रुति भारद्वाज, वार्ड 89 से प्रकाश बागड़ा, वार्ड 90 से ममता जांगिड़, वार्ड 91 से सीताराम मेहरा, वार्ड 92 से उषा देवी, वार्ड 93 से जितेंद्र शर्मा, वार्ड 94 से संतोष सूद, वार्ड 95 से मानवेंद्र सिंह, वार्ड 96 से वसीम चौहान, वार्ड 97 से महेंद्र प्रागपुरा, वार्ड 98 से राजकुमार बागड़ा, वार्ड 99 से सत्येंद्र राठौड़, वार्ड 100 से विनिता कूलवाल, वार्ड 101 से दुर्गेश शर्मा, वार्ड 102 से शीला गुर्जर और वार्ड 103 से मोहम्मद हनीफ।

किशनपोल (वार्ड 104 से 115)

वार्ड 104 से अब्दुल लतीफ कुरैशी, वार्ड 105 से महेश तम्बोली, वार्ड 106 से जुगल गुर्जर, वार्ड107 से खुशबू शर्मा, वार्ड 108 से मेहरूनिशा, वार्ड 109 से मोहम्मद अयूब, वार्ड 110 से सुनीता मेठी, वार्ड 111 से ज्वाला प्रसाद तिवाड़ी, वार्ड 112 से आशीष शर्मा, वार्ड 113 से गजनफर अली, वार्ड 114 से मोहम्मद जकारिया और 115 सुरेश बिवाल।

आदर्श नगर (वार्ड 116 से 132)

वार्ड 116 संजीदा/उमरदराज, वार्ड 117 संजीदा/गुलाम मुस्तफा, वार्ड 118 से सुनीता मावर, वार्ड 119 से इरफान कुरैशी, वार्ड120 से शीला सैनी, वार्ड 121 से मुकेश विजय, वार्ड 122 से राजकुमार संगतानी, वार्ड 123 से अंजू, वार्ड 124 से कांता/गिरिराज, वार्ड 125 से मंजू बानो, वार्ड 126 से सोफिया बानो, वार्ड 127 से बादल शर्मा, वार्ड128 से मोहम्मद सोहेल मंसूरी, वार्ड 129 से महेश कुमार सामरिया, वार्ड 130 से आदित्य कौशिक, वार्ड 131 से पुष्पेंद्र मीणा और वार्ड132 से दशरथ अटल।

हवामहल (वार्ड 133 से 147)

वार्ड 133 से गुड्डी देवी, वार्ड 134 से यशपाल गुर्जर, वार्ड 135 से रवि कुमार शर्मा, वार्ड 136 से शबनम, वार्ड 137 से सलमान मंसूरी, वार्ड 138 से दीपिका शर्मा, वार्ड 139 से गीतांजलि सैनी, वार्ड140 से आशीष जोशी, वार्ड141 से उषा बच्चानी, वार्ड 142 से मीना डांडोरिया, वार्ड 143 से नवाब चिरानिया, वार्ड 144 से उत्तम कुमावत, वार्ड 145 से अर्चन चतुर्वेदी, वार्ड146 से अफरोज और वार्ड147 से राशिद अली।

आमेर (वार्ड 148 से 150)

वार्ड 148 से आशा सैनी, वार्ड 149 से अंजलि ब्रह्मभट्ट और वार्ड 150 से हीरा देवी।

बागियों को मनाने की चुनौती

दोनों प्रमुख दलों की सूचियां जारी होने के बाद अब चुनावी गतिविधियां और तेज होंगी। टिकट से वंचित दावेदारों के निर्दलीय मैदान में उतरने से कई वार्डों में मुकाबला त्रिकोणीय या बहुकोणीय हो सकता है।

कांग्रेस-भाजपा के सामने अब बागियों को मनाने और नाम वापसी कराने की चुनौती रहेगी। नई वार्ड सीमाओं और परिसीमन के कारण कई क्षेत्रों में पुराने चुनावी समीकरण भी बदल गए हैं। ऐसे में प्रत्याशी मतदान से पहले घर-घर संपर्क, बूथ स्तर की रणनीति और स्थानीय मुद्दों पर जोर देंगे।

विक्रेता को 1 वर्ष की सजा के साथ 40 लाख रु. जुर्माना चुकाना पड़ेगा

- **प्लॉट की राशि लौटाने का चेक बाउंस करवाने का मामला**

जयपुर । चेक अनादरण मामलों की विशेष अदालत क्रम-12 ने प्लॉट बेचने के लिए ली गई राशि को वापस लौटाने के लिए दिए चेक के बाउंस होने पर विक्रेता कोयल सोलंकी को एक साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्ता पर 40 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी सिमरन सिंह वर्मा ने अपने आदेश में कहा कि अपराध आर्थिक क्षेत्र से संबंधित है और इस अपराध के लिए अभियुक्ता को परिवीक्षा का लाभ देना उचित नहीं है। परिवादी रामलाल यादव की ओर से अधिवक्ता महावीर सुरेन्द्र जैन ने अदालत को बताया कि परिवादी के साथ अभियुक्ता व उसके पति अशोक सौलंकी ने प्लॉट बेचने का एग्री